भारत सरकार

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3347

उत्तर देने की तारीख: 09.12.2019

अनुसंधान और नवाचार

†3347. सुश्री नुसरत जहां रूहीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि सरकार देश में अनुसंधान और नवाचार पर कुल जीडीपी का केवल 0.7 प्रतिशत ही व्यय कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार देश में अनुसंधान और नवाचार संबंधी खर्च में वृद्धि करने पर विचार कर रही है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

मानव संसाधन विकास मंत्री

(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) और (ख): जी हां, मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में प्रतिशत शेयर के रूप में अनुसंधान और विकास में व्यय का प्रतिशत 2004-05 में 0.7 प्रतिशत, 2008-09 में 0.7 प्रतिशत, 2012-13 में 0.6 प्रतिशत और 2016-17 में 0.7 प्रतिशत था।

(ग) और (घ): जी हां। सरकार इस संबंध में वर्ष 2019-20 में अपनी बजट घोषणा के अनुसार राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के सृजन के माध्यम से देश में अनुसंधान और नवाचार संबंधी व्यय को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है।

(ड़) प्रश्न नहीं उठता।

*****